## पंचमुखी हनुमान मंदिर का दरवाज़ा व बाउंड्री तोड़कर अंदर घुसकर मंदिर में रखा पूजा का सामान अस्त व्यस्त किया

इटावा एक्सप्रेस अवनीश गौतम



इकदिल -अराजक तत्वों ने कसवा इकदिल में नेशनल हाइवे किनारे प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का दरवाज़ा व बाउंड्री तोड़कर अंदर घुसकर मंदिर में रखा पूजा का सामान अस्त व्यस्त किया बिजली के तार खींचे पूजा करने आए श्रद्धालुओ ने बताया बाउंड्री व दरबाजा ठीक करवाया जा रहा इस घटना की जानकारी थाना एकदिल को मिली तो एकदिल पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी की और बताया कि कानून व्यवस्था एकदम ठीक है पुलिस का गस्त बढ़ाया जाएगा फिलहाल मंदिर की कमेटी दूधारा बाउंड्री व दरबाजा ठीक करवाया जा रहा है

## प्रजातांत्रिक जनसेवक पार्टी इटावा जिलाध्यक्ष बने अवधेश यादव

इटावा एक्सप्रेस राजीव यादव



दिनांक 26/02/2023 को ग्राम सालिमपुर इटावा में प्रजातांत्रिक जनसेवक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो० कांशीराम साहब, प्रदेश अध्यक्ष सतीश चन्द्र राजपूत, जिला संरक्षक विनोद कुमार यादव, सदस्य उदयवीर कठेरिया आदि लोगों की उपस्थिति में प्रजातांत्रिक जनसेवक पार्टी इटावा जिलाध्यक्ष का कार्यभार अवधेश यादव को सौंपा गया जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया के वह पार्टी का प्रचार प्रसार पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से जनता की सेवा करने का प्रयास करूंगा

### नगर पंचायत बकेवर का ट्रैफिक से भटका ध्यान

## बकेवर को नहीं मिल रही जाम से निजात



इटावा एक्सप्रेस अवनीश गौतम

बकेवर के मुख्य चौराहे पर हर रोज लगता हैं जाम,चौराहा के भरथना रोड पर ऑटो चालक ऑटो लगाकर खड़े हो जाते हैं भरथना रोड पर अतिक्रमण के कारण भी लगता है जाम नगर पंचायत नहीं हटा पा रहा अतिक्रमण फुटपाथ पर हथ ठेला वालों का कब्जा जारी, मुख्य चौराहा बकेवर नगर पंचायत के अतिक्रमणकारी बकेवर नगर पंचायत ने अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अथक प्रयास किए, लेकिन अभी भी अतिक्रमणकारियों का कब्जा जारी है नगरपंचायत का अतिक्रमण हटाओ अभियान हुआ असफल बकेवर में आज भी है अतिक्रमण जारी अतिक्रमण से हर रोज यातायात होता है बाधित, लगता है भीषण जाम बकेवर को नहीं मिल रही जाम से निजात

## बकेवर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने चलाया पॉलिथीन जब्ती अभियान

इटावा एक्सप्रेस अवनीश गौतम



जिला धिकारी इटावा के आदेशानुसार व प्रभारी अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर पंचायत बकेवर के कर्मचाररियों द्वारा एक बार होने वाली प्रतिबंधित सामग्री एवं पालीथीन जब्ती अभियान चलाकर चार लोगों से लगभग 800 ग्राम सामग्री जैसे, पत्तल प्लास्टिक ग्लास पॉलिथीन जब्त की गई तथा 2000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया अभियान में उपस्थित कर्मचारी अजब सिंह पाल, सुकृत सरण, सुधीर दीक्षित सुशील त्रिपाठी,विनोद तिवारी, राहुल महेश बाबू आदि

## धड़ल्ले से फलफूल रहा है सट्टा का अवैध कारोबार

बेखौफ होकर सटोरिया चला रहे हैं सट्टा का अवैध करोबार अब सटोरियों का अवैध कारोबार कस्बा इकदिल से लेकर सराय जलाल व उसके आस पास क्षेत्र में जोरों पर चल रहा हैं गरीब आदमी मेहनत मजदूरी कर कमाता है अपनी जमा पूंजी सट्टा पर लगा देते हैं जिससे कई के घरों में चूल्हा भी नहीं जलता सट्टा माफिया की सांठगांठ से एजेंट कस्बे में धड़ल्ले से लगा रहे सट्टा

सट्टा के चलते नव युवकों का भविष्य एक के अस्सी के चक्कर में बर्बाद हो रहा है जीवन। इटावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा कस्बा इकदिल का सट्टा करा पाएंगे बंद नव युवकों का भविष्य बर्बाद करने के लिए चल रहे सट्टा का कारोबार I बड़ा सवाल है कि सट्टा कब कस्बा से बंद हो पाएगा या नहीं यह तो भविष्य के गर्त में छिपा है इकदिल थाना क्षेत्र का मामला

# अधिक तापमान खाद्यान्न उत्पादन को करेगा प्रभावित



*डॉक्टर एमपी सिंह, विभागाध्यक्ष शस्य विज्ञान विभाग जनता कॉलेज बकेवर*

रबी खाद्यान फसलें जैसे गेहूं, जौ, जई आदि के वृद्धि एवं विकास के लिए निर्धारित तापक्रम 18 से 22 डिग्री सेंटीग्रेड है तथा पुष्पावस्था एवं दुग्धावस्था के लिए 20 से 22 डिग्री सेंटीग्रेड तापक्रम उपयुक्त होता है, समय से बोई गई गेहूं की फसल फरवरी माह में पुष्पा वस्था या दुग्धावस्था में होती है, देर से बोई जाने वाली गेहूं की फसल में लेट जोंटिंग यानी गांठ बनने की अवस्था होती है गेहूं की फसल का वृद्धि काल होता है। इस समय फरवरी माह में तापक्रम आवश्यकता से अधिक 30 से 32 डिग्री सेंटीग्रेड है, यानि कि रात दिन का औसतन तापमान 20 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक होने पर समय से बोई जाने वाली एवं देर से बोई जाने वाली फसल दोनों के लिए उपयुक्त नहीं है। आवश्यकता से अधिक तापक्रम खाद्यान्न फसलों जैसे कि गेहूं और जौ की वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करता है तथा पुष्पावस्था व दुग्धावस्था में तापक्रम अधिक रहने पर फसल शीघ्र पक जाती है, दाना सिकुड़ कर छोटा रह जाता है अंततः उपज घटकर कम हो जाती है। जिसके परिणामस्वरूप देश के खाद्यान्न उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा । शस्यविद डॉक्टर एमपी सिंह ने बढ़ते तापक्रम से खाद्यान्न पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को कम करने के लिए अपने सुझाव में बताया कि गेहूं की जिस फसल का वृद्धि काल है उस पर मल्टी न्यूट्रिएंट्स व यूरिया के घोल का 0.0 2% का छिड़काव करें। जो फसल दुग्धावस्था में है उस पर भी 0.0 2% यूरिया का परणीय छिड़काव करने के साथ-साथ फरवरी में तापक्रम बढ़ने पर 20 दिन के स्थान पर 15 दिन के अंतराल पर सिंचाई करनी चाहिए, तीन दिन तक आवश्यकता से अधिक तापमान रहने पर शाम को फसल में सिंचाई कर देनी चाहिए, जिससे भूमि में पर्याप्त नमी बनी रहे और दाना सिकुड़ने न पाए जिससे उपज पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को कम किया जा सकता है। जिस खेत में कार्बनिक/ जैविक खादों का प्रयोग नहीं किया जाता है रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग अधिक किया जाता है उन फसलों में बढ़ते तापमान का प्रभाव अधिक होता है तथा जिन खेतों / फसलों में कार्बनिक/ जैविक खादों का प्रयोग किया जाता है उन फसलों में बढ़ते तापमान का प्रभाव कम होता है साथ ही सुरक्षित उत्पादन मिलता है जोकि प्रत्येक जीव के सुरक्षित जीवन के लिए आवश्यक होता है इसलिए सुरक्षित जीव के जीवन के लिए यह आवश्यक है कि किसानों को रासायनिक उत्पाद यानि कि रासायनिक कीटनाशकों, फफूंदीनाशको व शाकनाशियो के स्थान पर जैव उत्पादों/ जैविक खादों का प्रयोग करना चाहिए, और अधिक फसल उत्पादन के लिए सभी कृषि क्रियाएं जैसे जुताई,बुवाई निराई , सिंचाई, फसल सुरक्षा उपाय, कटाई व मड़ाई सभी समय से संपादित की जानी चाहिए। अच्छा रहेगा कि फसल की बुवाई के पूर्व मृदा परीक्षण कराकर समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के तहत संतुलित पोषक तत्वों की आपूर्ति की जाए तथा अधिक तापमान सहन करने वाली प्रजातियां जैसे डी. बी. डब्ल्यू 71 डी.बी.डब्ल्यू 187, डी.बी.डब्ल्यू 303 व पीबीडब्ल्यू 502 की बुवाई की जाए। खरपतवार प्रबंधन के लिए रासायनिक विधि के स्थान पर शस्य व यांत्रिक विधियों का प्रयोग किया जाए, जिसमें निराई, डबल पलेवा विधि, फ़सल चक्र व क्रॉस सोइंग आदि प्रभावी एवं सुरक्षित हैं।

### प्रेम में दिवानी बालिका ट्रेन से कटने रेलवे ट्रैक पर पहुंची

## राहगीरों ने बालिका को ट्रैक से पकड़ बचाई जान



इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

शादीशुदा पत्नी व एक बच्चे के पिता निकला प्रेमी,भरथना,इटावा। भरथना अन्तर्गत दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थिति भरथना स्टेशन के पश्चिमी छोर ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर दौड़ती ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने पहुंची एक कक्षा 8 की 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को यहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने बालिका को बचा लिया।

जिसपर बालिका ने फफकते हुए बताया कि वह भरथना कस्बा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत नवसृजित मोहल्ला की निवासनी है व वह तीन बहिनों में सबसे छोटी है उसका एक भाई था जिसकी कोराना की चपेट में आने से मौत हो गई थी, बड़ी दोनो बहिनों की शादी हो चुकी हैं। इकलौते भाई की मौत से उसकी मां मानसिक रूप से बीमार चल रहीं हैं। बालिका ने बताया की इस बीच फोन के माध्यम से उसकी एक नम्बर पर बात होने लगी, फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने उसे झांसे में लेकर अपने प्रेम जाल में फसा लिया जिसके कारण वह उसके प्रेम में दीवानी हो गई। कुछ दिन पूर्व वह अपने घर से भाग कर प्रेमी के साथ कहीं 15 दिनों तक बाहर चली गई थी। इसके बाद उसे पता चला कि उसका प्रेमी शादीशुदा पत्नी व एक बच्चे का पिता है उक्त खुलासे के बाद प्रेमी ने उसे छोड़ देने व भूल जाने की धमकी देडाली है। जिससे दुखी होकर वह ट्रेन से कटने आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पर पहुंची थी।

## मासूम बच्ची का दुष्कर्मी गिरफ्तार

### थाना इकदिल पुलिस ने घेराबंदी कर मानिकपुर मोड से दुस्कर्मी को किया गिरफ्तार



इटावा एक्सप्रेस

इकदिल थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। घटना गुरुवार की शाम उस समय हुई थी जब मासूम बच्ची के पिता का ही दोस्त मासूम बच्ची को अपनी बाइक पर बैठाकर लेगया और सरसों के खेत मे लेजाकर बच्ची से दुष्कर्म किया दुष्कर्म के बाद उसको चितभवन के पास बाल्मीकि मंदिर के पास बच्ची को रोते बिलखते छोड़कर भाग गया था। मासूम बच्ची के पिता ने क्षेत्र के अन्य गांव निवासी अपने दोस्त के खिलाफ उनकी चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट शुक्रवार को दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि वह हलवाई और आरोपी युवक उनका दोस्त है और उनके साथ वेटर का काम करता है उनके घर लगभग तीन साल से आता जाता था। आरोपी दुकान पर चीज दिलाने के बहाने से बहलाकर बच्ची को ले गया और मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर आरोपी भाग निकला था। पुलिस ने शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे आरोपी संजय राजपूत निवासी कल्यानपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष रण बाहदुर सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को पुलिस पकड़ने के लिए दबिश दे रही थी। आरोपी के बारे में मानिकपुर मोड़ के पास बाहर भागने की फिराक में खड़े होने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

# आगामी होली और शब्बे बारात के त्योहार को देखते हुए पुलिस लाइन में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन





डी एम अवनीश कुमार राय और एस एस पी संजय कुमार वर्मा की अगुवाई में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन अधिकारियों ने सभी धर्म के लोगो से सभी त्योहारों को आपस मे मिल जुल कर शांतिपूर्ण ठंग से मनाने की अपील की अधिकारियों ने त्योहारों के लेकर आम लोगो की समस्याओं को समय से निस्तारण के निर्देश दिए मीटिंग में एस डी एम जय प्रकाश, एसपी सिटी कपिल देव सिंह, एस पी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, एसपी क्राइम ज्ञानेंद्र नाथ, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण गोंड, एस डी एम विक्रम राघव, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह, सीओ सैफ़ई नागेंद्र चौबे, सीओ भरथना विवेक जावला, सीओ चकरनगर राकेश वशिष्ठ, समेत सभी सीओ और एसडीएम समेत सभी थाना प्रभारी और बिजली विभाग, नगर पालिका समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए मीटिंग में बड़ी संख्या में सभी धर्मो के गणमान्य लोग और आम लोग शामिल हुए।

# गैस सिलेंडर रखकर नगर पालिका चौराहे पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## बढ़ाये गैस सिलेंडर के दाम को बापस कराने की माँग



इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

इटावा - होली से ठीक पहले बढ़ाये गैस सिलेंडर के दाम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय नगर पालिका चौराहे पर सिलेंडर रख कर किया विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के कार्यकर्ता आसिफ जादरान ने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है और सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है सरकार को महंगाई पर लगाम लगानी चाहिए ताकि हमारा गरीब जो मजलूम है वह अपने घर का खर्च आसानी से चला सके गैस के बढ़े दाम वापस लेने को मांग करते हुए लगाये सरकार विरोधी नारे महिला नेत्री ने कहा कि गैस के दाम बढ़ने से और लगातार बढ़ती महंगाई से बिगड़ा रसोई का बजट।

# इटावा एसएसपी संजय वर्मा ने फिर दिखाया एक परिवार पर अपना रहम

## इटावा एसएसपी संजय वर्मा ने करीब 20,000 रुपये तक की आर्थिक मदद

## मिशन वात्सल्य के अंतर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई



इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

सैफई/इटावा। 03 मार्च। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई जिसमें बाल संरक्षण योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने मिशन वात्सल्य के अंतर्गत गठित ग्राम बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय करने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत कोविड व सामान्य योजना पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता-पिता एक या दोनों को खो देने वाले बच्चों के संरक्षण हेतु सरकार मदद कर रही है कोई भी पात्र बच्चा उक्त योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी बताया कि सामान्य योजना के अंतर्गत ढाई हजार रुपए महीना तथा कोविड के दौरान माता पिता को खोने वाले बच्चों को ₹4 हजार महीने की आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार प्रवर्तकता कार्यक्रम के अंतर्गत भी बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई अबोध बच्चा कहीं मिले तो इसकी सूचना शीघ्र दें ताकि उसे त्वरित संरक्षण प्रदान किया जा सके। उन्होंने दत्तक ग्रहण प्रक्रिया भी समझाई। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर पर भी प्रकाश डाला।

खंड विकास अधिकारी यदुवीर सिंह ने कई सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अब सूचनाओं का युग है व्हाट्सएप ग्रुपों पर सूचनाओं का आदान प्रदान करें तथा पात्रों को बाल संरक्षण योजनाओं का लाभ दिलाएं। खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि बाल विवाह अपराध है इसे कतई ना होने दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय प्रबंध समितियों की मासिक बैठकों में ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित कर रहे हैं और उन्हें मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रहे हैं। सीडीपीओ लतिका सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से कहा कि वे उक्त बाल संरक्षण योजनाओं में आवश्यक सहयोग प्रदान कर पुण्य की भागीदार बनें। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य, आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा, डॉ. सोहम गुप्ता, उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह व महिला आरक्षी रूबी आदि भी मंचासीन रहे। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

## सर्विलांस,थाना पचोखरा व थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान लूट करने वाले 02 शातिर अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार





शातिर लूटेरे अभियुक्त जयकिशन पर डेढ दर्जन अभियोग विभिन्न थानों पर हैं पंजीकृत।

लूटेरा अभियुक्त जयकिशन थाना रजावली का हिस्ट्रीशीटर (एचएस 3 ए) अपराधी भी है।

दोनों शातिर अभियुक्तगण अपने साथियों संग मिलकर विभिन्न लूट की घटनाओं को दे चुके हैं अंजाम।

थाना पचोखरा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 24-02-23 को एक व्यक्ति से तमंचा दिखाकर 30 हजार रूपये व मोबाइल लूट की घटना को दिया था अंजाम।

अभियुक्तगण द्वारा थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 19-02-23 को एक व्यक्ति को तमंचा दिखाकर उससे उसकी मोटरसाइकिल व मोबाइल को लूटा था।

शातिर अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 29-11-22 को एक व्यक्ति से 08 हजार रूपये व उसकी पत्नी से जेवरात लूट लिए थे।

अभियुक्तगण से लूट की मोटरसाइकिल, लूट का मोबाइल, लूट की ज्वैलरी, 22 हजार रूपये कैश व नाजायज असलहा बरामद।

दोनों अभियुक्तों पर जनपद के विभिन्न थानों में लूट, डैकैती व गैंगस्टर के अभियोग पंजीकृत हैं

दिनांक 24-02-23 को थाना पचोखरा क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति से 30 हजार रूपये व एक मोबाइल तथा इससे पूर्व थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 29-11-22 को एक व्यक्ति से 08 हजार रूपये व उसकी पत्नी से जेवरात आदि तमंचा दिखाकर लूट ले गए तथा दिनांक 19-02-23 को एक व्यक्ति से उसकी मोटरसाइकिल व एक मोबाइल लूट कर ले गए थे।

उक्त घटनाओं के सफल अनवारण हेतु एवं लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा 03 टीम एसओजी, थाना नारखी व थाना पचोखरा पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि लूट कारित करने वाले अभियुक्तगण लूट का सामान बेचने जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25/02/2023 को लूट कारित करने वाले दो शातिर अभियुक्तगण 1. गुड्डू उर्फ जयकिशन पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी नगला खरग थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद 2. आशू उर्फ महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र हुबलाल निवासी गढी बैशाल थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद को बैंदी की पुलिया से 300 मीटर आगे जौंधरी की पुलिया की तरफ जा रहे थे कि पुलिस टीम द्वारा उनको रोकने का प्रयास किया गया लेकिन शातिर अभियुक्तगण द्वारा भागते हुए पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों शातिर लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगण थाना नारखी के मुकदमा अपराध संख्या 592/22 धारा 394 भादवि, मुकदमा अपराध संख्या 41/23 धारा 392 भादवि व थाना पचोखरा के मुकदमा अपराध संख्या 32/23 धारा 394 भादवि में वांछित अपराधी है।

संक्षिप्त पूछताछ विवरण:- अभियुक्त उपरोक्त से पूछताछ के दौरान यह महत्वपूर्ण तथ्य प्रकाश में आये कि अभियुक्तगण 1. गुड्डू उर्फ जयकिशन व आशू उर्फ महेन्द्र प्रताप उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 29.11.22 को कायथा के पास बम्बा से एक व्यक्ति 8 हजार रुपये व उसकी पत्नी से पहने हुये जेवरात तमन्चा दिखाकर लूटे थे जिसमें हमारे साथ विकास पुत्र राकेश निवासी नगला मवासी थाना रजावली फिरोजाबाद भी शामिल था व अभी कुछ दिन पहले दिनांक 19.02.2023 को एक व्यक्ति जो चनौरा पैट्रोल पम्प से फरिहा की तरफ जा रहा था उससे यह मोटर साइकिल जो आपने बरामद की है व एक मोबाइल लूटा था। मोबाइल विकास के पास है इसमें हमारे साथ विकास पुत्र राकेश निवासी नगला मवासी थाना रजावली फिरोजाबाद व शंकर पुत्र कप्तान सिंह निवासी गढी वैशाल थाना रजावली फिरोजाबाद भी शामिल था व कल हम लोगों ने शाम को थाना पचोखरा क्षेत्र में एक व्यक्ति से 30 हजार रुपये छीने थे जिसमें से कुछ रुपये हम लोगों ने खर्च कर लिये व जो बचे हैं आपने बरामद कर लिये हैं। कल की घटना में हम चारों लोग शामिल थे। ज्वेलरी के बारे में पूछा गया तो बताया कि साहब ज्वेलरी हम लोगों ने आपस में बांट ली थी यही 02 अगूठी हमारे पास बची है जिसे हम आज बेचने के लिये जा रहे थे आपने पकड लिया।

## संत गाडगे सामुदाय केंद्र समिति इटावा में अध्यक्ष पद के लिए मची हलचल एक तरफ रजनी देवी दूसरी तरफ सुघर सिंह दोनों अध्यक्ष होने का कर रहे दावा

इटावा एक्सप्रेस जितेंद्र कुमार

संस्था संत गाडगे सामुदायिक केंद्र समिति के एल टेंट हाउस कर्म गंज पुलिया के पास काजी पेट्रोल पंप के सामने थाना कोतवाली इटावा संस्था समिति दिनांक 15 फरवरी 2023 को समय करीब 11:00 बजे समिति की एक जन साधारण सभा की बैठक श्री राधेश्याम दिवाकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई थी <24 फरवरी 2023 दैनिक जागरण की खबर का खंडन करते हुए रजनी देवी ने बताया कि सुघर सिंह दिवाकर द्वारा अपने आपको संस्था का फर्जी तरीके से अध्यक्ष बताया जाना सरासर गलत है व अवैधानिक है, जबकि संस्था की कार्यकारणी दिनांक 15 फरवरी 2018 को भंग हो चुकी है ऐसी स्थिति में सुघर सिंह अपने आप को फर्जी तरीके से अध्यक्ष बताते है,जो सरा सर गलत है, जब कि 1/8/2018 की बैठक में सर्व सम्मत से मुझे रजनी दिबाकर अध्यक्ष चुना गया था तब से मैं अपने अध्यक्ष पद पर कार्यरत हूं जबकि इस सम्बंध का न्यायालय भरथना न्यायक में सोसाइटी एक्ट 25(1) के अन्तर्गत वाद में प्रचलित है जिस पर अभी तक उपजिलाधिकारी न्यायक भरथना इटावा के द्वारा कोई भी आदेश पूर्व अध्यक्ष सुघर सिंह दिवाकर के पक्ष में पारित नहीं किया गया है, वही अध्यक्ष रजनी देवी का कहना है कि सुघर सिंह ने संस्था के नाम से लाखों रुपए लोगों से लेकर अपने स्वयं हजम कर लिए है ना ही संस्था के खाते में जमा किये ना ही संस्था का कोई खाता खुलाया संस्था की सदस्यता शुल्क का गमन कर लिया संस्था के अन्य पदाधिकारी और विरोध कर उनको 2018 में ही हटा दिया गया था तब से उनका इस संस्था कोई पद नहीं रहा है अध्यक्ष रजनी देवी दिवाकर का कहना है कि सुघर सिंह के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कराके दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए

## 1008 चंद्रप्रभु भगवान की मूंछ कल्याणक दिवस के अवसर पर चंद्रप्रभु प्रकट स्थल चरण छतरी पर लड्डू बहुत ही धूमधाम से चढ़ाया गया





भारतीय जैन मंच (हिंद ग्रुप) द्वारा श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर चंद्रवार यमुना किनारे चंद्रप्रभु प्रकट स्थल चरण छतरी पर निर्माण लाडु बहुत ही धूम धाम से चढ़ाया गया। हिंद प्रवीन जैन ने बताया कि जैन धर्म के 8 वें तीर्थंकर श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान को आज ही के फाल्गुन शुक्ल सप्तमी को मोक्ष प्राप्त हुआ था आज के दिन की जैन धर्म में एक विशेष मान्यता है इसी श्रृंखला में भारतीय जैन मंच (हिंद ग्रुप) द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंद्रवार यमुना नदी के तट पर स्थित चंद्रप्रभु प्रकट स्थल (चरण छतरी) पर मोक्ष कल्याणक निर्माण लाडु बहुत ही धूम धाम से चढ़ाया गया भगवान के पूजन से यमुना तट भक्तिमय हो गया। महामंत्री हिंद अनिकेत जैन ने चंद्रप्रभु प्रकट स्थल (चरण छतरी) के इतिहास के बारे में बताया कि लगभग तीन दशक पूर्व मुनिराज श्री 108 वसुनंदी जी महाराज की प्रेरणा से भारतीय जैन मंच द्वारा इस चरण छतरी का निर्माण कराया गया था नगर के चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर में स्थित भगवान चंद्रप्रभु की विश्व में सबसे बड़ी व चमत्कारी स्फटिक प्रतिमा इस यमुना नदी के इसी किनारे से निकाली गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जैन मंच यु. प्र. के अध्यक्ष हिंद अंकुश जैन, अजय जैन, विनय जैन, अंजू जैन, खुशबू जैन, महक जैन, रश्मि जैन, कपिल जैन, सीमा जैन आदि श्रद्धालु जन व महिलाएं उपस्थित रहीं

# सम्पादकीय

इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक

एक चूहा एक कसाई के घर में बिल बना कर रहता था। एक दिन चूहे ने देखा कि उस कसाई और उसकी पत्नी एक थैले से कुछ निकाल रहे हैं। चूहे ने सोचा कि शायद कुछ खाने का सामान है। उत्सुकतावश देखने पर उसने पाया कि वो एक चूहेदानी थी। ख़तरा भाँपने पर उसने पिछवाड़े में जा कर कबूतर को यह बात बताई कि घर में चूहेदानी आ गयी है। कबूतर ने मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि मुझे क्या ? मुझे कौनसा उसमें फँसना है <निराश चूहा ये बात मुर्गे को बताने गया। मुर्गे ने खिल्ली उड़ाते हुए कहा जा भाई. ये मेरी समस्या नहीं है। हताश चूहे ने बाड़े में जा कर बकरे को ये बात बताई तो वह बकरा हँसते हँसते लोटपोट होने लगा। उसी रात चूहेदानी में खटाक की आवाज़ हुई, जिसमें एक ज़हरीला साँप फँस गया था। अँधेरे में उसकी पूँछ को चूहा समझ कर उस कसाई की पत्नी ने उसे निकाला और साँप ने उसे डस लिया। तबीयत बिगड़ने पर उस व्यक्ति ने हकीम को बुलवाया। हकीम ने उसे कबूतर का सूप पिलाने की सलाह दी। कबूतर अब पतीले में उबल रहा था। खबर सुनकर उस कसाई के कई रिश्तेदार मिलने आ पहुँचे जिनके भोजन प्रबंध हेतु अगले दिन उसी मुर्गे को काटा गया।

कुछ दिनों बाद उस कसाई की पत्नी सही हो गयी, तो खुशी में उस व्यक्ति ने कुछ अपने शुभचिंतकों के लिए एक दावत रखी तो बकरे को काटा गया। चूहा अब दूर जा चुका था, बहुत दूर अगली बार कोई आपको अपनी समस्या बताये और आप को लगे कि ये मेरी समस्या नहीं है, तो रुकिए और दुबारा सोचिये। अगर समाज का एक अंग,एक तबका, देश एक नागरिक खतरे में है तो पूरा देश खतरे में है

# जुवेनाइल जस्टिस एक्ट को लेकर बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण





इटावा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट को लेकर बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें इस एक्ट की नियमावली के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देखरेख व संरक्षण वाले बालकों को त्वरित संरक्षण प्रदान करें तथा विधि विरुद्ध कार्य करने वाले बालकों के प्रति पुलिस सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करे। उन्होंने यह भी बताया कि लावारिस मिले शून्य से दो वर्ष तक के बच्चों को 60 दिन पश्चात तथा 2 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को 120 दिन के पश्चात स्वतंत्र घोषित कर दत्तक ग्रहण की कार्रवाई शुरू करा दी जाती है। उन्होंने पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को ऐसे लावारिश बच्चों के मिलने पर प्रारूप 17 भरने तथा बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने यह भी बताया कि लावारिस बच्चों के मिलने पर बाल कल्याण समिति को सूचित करते हुए बच्चा स्वस्थ है या नहीं इसके लिए मेडिकल अवश्य कराया जाए। अपराध में लिप्त बच्चों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश करने तथा निर्धारित प्रारूप भरकर जमा करने की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने यह भी बताया कि 3 महीने के अंदर चालान प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होता है। उनके साथ बाल संरक्षण विशेषज्ञ के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य मौजूद रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएचटीयू प्रभारी वीरेंद्र बहादुर यादव, इंस्पेक्टर लखन सिंह, एसआई राम औतार सिंह, नियामत उल्ला, सत्य प्रकाश, राजेंद्र सिंह, उमेश कुमार, जसवंत सिंह, संजय यादव, प्रशांत कुमार, जयप्रकाश, अरविंद यादव, उदय भान सिंह एवं महिला कांस्टेबल पूजा यादव, अंजलि, कुसुमा देवी, कनिका चौधरी, पूजा कुमारी, शिवानी पांडेय, रूपलता, अनीता वर्मा आदि पुलिसकर्मी जनपद के विभिन्न थानों से शामिल रहे।

# लाइनपार व्यापार मण्डल के कोषाध्यक्ष बने योगेश पाण्डेय

इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक



इटावा। उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उ.प्र. के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिला महामंत्री आकाशदीप जैन एवं जिला कोषाध्यक्ष क़ामिल क़ुरैशी की संतुति पर शहर के डिप्टी कैफे में आयोजित कार्यक्रम में लाइनपार व्यापार मण्डल के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय ने योगेश पाण्डेय को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मनोनयन पत्र एवं फूल माला पहनाकर मनोनीत कोषाध्यक्ष का स्वागत करते हुये कहा लाइनपार क्षेत्र में मजबूती के साथ संगठन का विस्तार किया जा रहा है जिससे उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जा सके। इस दौरान शहर अध्यक्ष रजत जैन, युवा जिलाध्यक्ष पावेन्द्र शर्मा, उधोग मंच अध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, युवा महिला जिलाध्यक्ष दीपिका गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष अंजू यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, अनीश सभासद, शहर महामंत्री ऋषि पोरवाल आदि मौजूद रहे।

# धार्मिक स्थल को लेकर लोगों को भड़काने की ओछी राजनैतिक स्वीकार नहीं: आकाशदीप

इटावा एक्सप्रेस हिंदी साप्ताहिक



विश्व जैन संगठन ने जताया राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला फूंकने पर विरोध इटावा। झारखण्ड के कनारी पंचायत में विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन का पुतला जलाने के विरोध में विश्व जैन संगठन इटावा इकाई एवं सकल जैन समाज ने अपना आक्रोश व्यक्त किया।

विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष आकाशदीप जैन ने कहा कि जैन धर्म की आस्था के प्रतीक पवित्र पावन पारसनाथ पर्वतराज पर स्थित जैन मंदिरों को तोड़ने की धमकी देकर धर्मपरायण झारखण्डवासियों की धार्मिक भावनाएं को भड़काने का कार्य झारखण्ड के पूर्व सांसद सालखन मुर्मू द्वारा किया जा रहा है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला जलाकर ओछी राजनीतिक करना संगठन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लोकतंत्र में सरकार से अपनी मांग करना सभी का अधिकार है। लेकिन किसी धर्म विशेष के पूज्य धार्मिक स्थल को राजनैतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए तोड़ने की धमकी देकर वर्षो से प्रेमपूर्वक साथ रहते आये दो समुदायों को आपस में लड़वाना चिंतनीयए अनुचित और लोकतंत्र में दंडनीय है।

आकाशदीप जैन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने द्वारा पारसनाथ पर्वतराज के पर्यावरण संरक्षण और पवित्रता की मांग की थी जिसके लिए केंद्र व झारखंड सरकार से मांग की गयी थी। जिसके सभी प्रमाणिक कागजात उपलब्ध है लेकिन पूर्व सांसद मुर्मू द्वारा भ्रामक व गलत प्रचार किया जा रहा है जिसकी सत्यता जल्द सभी के सामने आएगी। मांग करते हुए कहा कि केंद्र सरकार व झारखण्ड सरकार से त्वरित संज्ञान लेकर राजनैतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए पूर्व सांसद मुर्मू पर आवश्यक धाराओं में मुकदमे के साथ रासुका कानून के तहत कार्यवाही की जाये। विरोध प्रकट करने वालों में महामंत्री राजीव जैन, मनोज जैन, नितिन जैन, प्रिंसू जैन, अंशू जैन, मन्नू जैन, शेखर जैन, विशाल जैन, गौरवकान्त जैन, मयंक जैन, उदित जैन, अर्पित जैन सहित सकल जैन समाज के लोग प्रमुख है।

# कानपुर देहात में पंचायती राज में भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन

करोड़ों के घोटालों में शासन से कार्यवाही पर हड़कंप। डीडी पंचायत कानपुर मंडल अभय शाही समेत तत्कालीन DPRO नमिता शरण निलंबित। जिला पंचायत राज अधिकारी कानपुर देहात अभिलाष बाबू निलंबित। नोडल राज्यस्तरीय कंसलटेंट संजय कुमार चौहान एवं विशेषज्ञ राहुल गुप्ता की सेवाएं समाप्त। ग्राम पंचायत सचिव पुनीत कुमार राजीव द्विवेदी निलंबित पटल सहायक सुशील कुमार के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश। करोड़ों के घोटाले में डीएम और सीडीओ कानपुर देहात से स्पष्टीकरण तलब। निदेशक पंचायती राज से भी मामले पर स्पष्टीकरण तलब। जिला स्वच्छता समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष होते है डीएम और सीडीओ। करोड़ों के घोटाले में सीडीओ कानपुर देहात पर भी गिर सकती है गाज। ग्राम पंचायत, जिला, मंडल और निदेशालय तक के अफसरों पर एक्शन। गलत तरीके से धनराशि निकालने वाली ग्राम पंचायतों से वसूली के निर्देश। स्वच्छ भारत मिशन में हुआ था करोड़ों का घपला। ग्राम प्रधानों के खिलाफ भी कार्यवाही के निर्देश।अनियमित धनराशि निकालने वाली ग्राम पंचायतों को दोबारा धनराशि ना देने के निर्देश।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

### बेहतरीन साइंस मॉडल बनाकर बच्चों ने दिखाई अपनी अनोखी प्रतिभा






दिबियापुर/औरैया शहर के विष्णुपुरी दिबियापुर स्थित संत विवेकानन्द पब्लिक हाई स्कूल कैंपस में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विवेकानन्द ग्रामोद्योग महाविद्यालय के प्राचार्य डा० इकरार अहमद विशिष्ट अतिथि रहे श्री कृष्ण सरोज महाविद्यालय के प्राचार्य डा० अनिल तिवारी सहित पर्यावरणविद एवम वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी एवम विद्यालय के चेयरमैन श्री शिवपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के चलित व अचलिति बेहतरीन साइंस मॉडल प्रस्तुत किए जिन्हे देखकर निर्णायक मण्डल ने मुक्त कंठ से बच्चों के अथक प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केन्द्र रेलवे लोकोमोटिव इंजन,स्मार्ट सिटी एवम वायर लैस चार्जर रहा। अन्य आकर्षक साइंस मॉडल्स में जल चक्र,आर्मी सेफ्टी अलार्म,एयर गन, न्यूटन मॉडल, फायर अलार्म, ऑटोमेटिक होम सेफ्टी अलार्म,इत्यादि सभी का ध्यान खींचते रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि रहे डा इकरार अहमद विशिष्ट अतिथि रहे डा अनिल तिवारी पर्यावरणविद एवम वन्यजीव विशेषज्ञ सर्प मित्र डॉक्टर आशीष त्रिपाठी एवम विद्यालय के चेयरमैन शिवपाल सिंह व मैनेजिगं डारेक्टर हिमांशु यादव ने बच्चों को अपने अपने आशीर्वचनो से संबोधित कर उनका मनोबल बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ इकरार अहमद ने बच्चों से कहा कि, विज्ञान के प्रति आपका लगाव आपकी लगन और आपकी इच्छाशक्ति ही आपको भविष्य में और आगे लेकर जाएगी। डॉक्टर अनिल तिवारी ने बच्चों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि, जीवन में हार जीत चलती रहती है पर कभी भी हारने पर निराश मत होना बल्कि जीतने की पुनः कोशिश अवश्य करना। पर्यावरणविद सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने सभी बच्चों को भविष्य में ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए सभी प्रतिभागियों को एक से बढ़कर एक शानदार मॉडल बनाने के लिए बधाई देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय, तृतीय चर्तुथ एवम पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने अपने समभाषण में बच्चों के बेहतरीन साइंस माडल व उन्हे तैयार कराने वाले सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर कुमार, सतीश सहित विद्यालय के मैनेजिंग डारेक्टर हिमांशु यादव, प्रभारी शिवम राजेश, तेजप्रताप, नितेश शुक्ला, यशी, इत्यादि उपस्थित उपस्थित रहे।

## उप जिलाधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण





फफूँद औरैया। गुरुवार को उपजिलाधिकारी औरैया ने नगर पंचायत फफूँद का औचक निरीक्षण किया उप जिलाधिकारी को देख नगर पंचायत कर्मियों का छूटा पसीना एसडीएम ने नगर के मुहल्लों में होलिका दहन स्थलों,गौशाला एवम सड़क निर्माण का निरीक्षण कर अधीनस्तो को दिए दिशा निर्देश वहीं अवैध कब्जों को हटवाने के लिए कहा। गुरुवार को उपजिलाधिकारी औरैया सदर मनोज कुमार ने नगर पंचायत फफूंद का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने नगर के सभी मुहल्लों में होलिका दहन स्थलों का बारीकी से निरीक्षण कर कहा कि होलिका दहन स्थलों के पास रखा हुआ सामान तुरन्त सम्बन्धित हटा लें वरना वह जब्त कर लिया जाएगा,गैल वाटिका गेस्टहाउस के बाहर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाते हुए सम्बन्धित से कागजात तहसील में लाकर दिखाने के लिए आदेश दिया। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी फफूंद विजय कुमार सक्सेना,लिपिक मुहहमद रिजवान सहित नगर पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।

## महिमा मिश्रा उपनिदेशक समाज कल्याण कानपुर मंडल ने किया भरथना स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण

महिमा मिश्रा उपनिदेशक समाज कल्याण कानपुर मंडल ने भरथना स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया मौके पर मिलीं भारी अनियमिततताएं निरीक्षण के उपरांत आश्रम मे बुजुर्गों के लिए भोजन का मीनू चसपा नहीं था भोजन की गुणवत्ता में मानक के अनुसार नहीं था,टूटी हुई व्हीलचेयर पाई गई , स्ट्रेचर नहीं था , डेढ़ सौ की क्षमता होने पर भी 34 ही बुजुर्ग आश्रम में पाए गए , भोजन में डालने वाले गर्म मसाले सभी एक्सपायरी डेट के पाए गए , जोकि बुजुर्गों के स्वास्थ्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ हो रहा है जबकी बुजुर्गों के भोजन के लिए विभाग द्वारा 114 रुपया प्रति व्यक्ति प्रतिदिन निर्धारित है l लापरवाही के चलते कर्मचारियों को अधिकारियों ने खूब लताड़ा , बुजुर्गों के पास चस्में भी नहीं पाये गये, कर्मचारियों को व्यवस्था सुधारने के दिये गए निर्देश, मौके पर मिली भारी अनियमिततताएं, जिले के सम्बंधित अधिकारी द्वारा वर्ती जा रही लापरवाही, शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओ का किया जा रहा है बन्दर बाँट l

